an>

Title : Need to provide adequate wages to contract labourers engaged by BSNL in Lakhimpur Kheri district, Uttar Pradesh.

श्री अजय मिश्रा टेनी (खीरी) : दूरसंचार बी.एस.एन.एल. विभाग, जिला लखीमपुर खीरी में लंबे समय से मजदूरों से बी.एस.एन.एल. के कार्य जैसे कम्प्यूटर चलाना, केबल जोड़ना, गड्ढा खोदना, ऑफिस की साफ-सफाई करना, एक्सचेंजों की सुरक्षा करना, जनरेटर चलाना, मोबाईल टावर चलाना आदि कार्य 24 घंटे विभाग के संबंधित अधिकारियों द्वारा कराया जाता है। इन कार्यों के बदले 1200 से 1600 रूपये प्रति माह देकर अधिकारियों द्वारा मजदूरों का शोषण किया जा रहा है। यह भुगतान वर्षों तक बकाया रहता है, जबकि श्रम नियम कानूनों के अनुसार बी.एस.एन.एल. विभाग मुख्य नियोक्ता होने के कारण सी.एम.डी., नई दिल्ली एवं मुख्य महाप्रबंधक, लखनऊ द्वारा पारित न्यूनतम वेतन ई.पी.एफ./ई.एस.आई. सामाजिक सुरक्षा आदि के प्रेषित पत्रों की अवहेलना दूरसंचार जिला लखीमपुर खीरी करते हुए ठेका मजदूरों का शोषण एवं उत्पीड़न करते चले आ रहे हैं। जो मजदूर न्यूनतम मजदूरी की मांग करते हैं, उन्हें कार्य से बाहर निकाल दिया जाता है, जिसके कारण लखीमपुर जनपद के ठेके पर काम कर रहे मजदूरों का शोषण बड़े पैमाने पर हो रहा है। दूसरा कोई विकल्प न होने के कारण ये मजदूर बहुत परेशान हैं। यह संविधान में प्रदत्त अधिकारों के उल्लंघन के साथ-साथ नैतिक, सामाजिक व कानूनी रूप से भी गलत है। यह दुर्भाग्यपूर्ण व निन्दनीय है।

मैं सरकार व संचार मंत्री जी से अनुरोध करता हूं कि बी.एस.एन.एल., लखीमपुर खीरी में कार्यरत ठेका मजदूरों का संज्ञान लेकर उनकी उपस्थिति पंजिका, परिचय-पत्र, स्वास्थ्य सुरक्षा देने के साथ-साथ न्यूनतम वेतन निर्धारित करने का कष्ट करें।